B. A. (Pass Course) 6th Semester Examination, December-2022

HINDI (Compulsory)

Time allowed : 3 hours] *[Maximum marks : 80*

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. किन्हीं **दो** गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - 2×6=12

(क) गिलहरियों के जीवन की अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होती, अतः गिल्लू की जीवन यात्रा का अंत आ ही गया। दिनभर न उसने कुछ खाया, न बाहर गया। रात में अंत की यातना में भी वह अपने झूले से उतरकर मेरे बिस्तर पर आया और ठंडे पंजों से मेरी वही उँगली पकड़कर हाथ से चिपक गया, जिसे उसने अपने बचपन की मरणासन्न स्थिति में पकड़ा था।

(ख) मन की सारी भ्रांति को दूर करने वाले देवदारु तुम्हें देखकर मन श्रद्धा से जो भर जाता है, वह अकारण नहीं है। तुम भूत भगवान हो, तुम वहम मिटावन हो, तुम भ्रांति नसावन हो। तुम्हें दीर्घकाल से जानता था, पर पहचानता नहीं था।

(ग) राम का निर्वासन वस्तुतः सीता का दुहरा निर्वासन है। राम तो लौटकर राजा होते हैं, पर रानी होते ही सीता राजा राम द्वारा वन में निर्वासित कर दी जाती है। राम

के साथ लक्ष्मण है, सीता है। सीता वन्य पशुओं से घिरी हुई विजन में सोचती है – प्रसव की पीड़ा हो रही है, कौन इस बेला में सहारा देगा, कौन प्रसव के समय प्रकाश दिखलायेगा, कौन मुझे सँभालेगा, कौन जन्म के गीत गाएगा ?

(घ) जिस व्यक्ति या वस्तु पर प्रभाव डालने के लिए वीरता दिखाई जाती है, उसकी ओर उन्मुख कर्म होता है और कर्म की ओर उन्मुख उत्साह नामक भाव होता है। सारांश यह है कि किसी व्यक्ति या वस्तु के साथ उत्साह का सीधा लगाव नहीं होता। समुद्र लाँघने के लिए जिस उत्साह के साथ हनुमान उठे हैं, उसका कारण समुद्र नहीं- समुद्र लाँघने का विकट कर्म है। कर्म-भावना ही उत्साह उत्पन्न करती है, वस्तु या व्यक्ति की भावना नहीं।

2. महादेवी वर्मा की संस्मरण कला पर प्रकाश डालिए। 8

अथवा

विद्यानिवास मिश्र का साहित्यिक परिचय दीजिए।

3. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर 150-150 शब्दों में दीजिए – 4×4=16

(क) सदाचार का ताबीज़ व्यंग्य रचना का सार लिखिए।

(ख) 'देवदारु' के माध्यम से द्विवेदी जी पाठक को क्या संदेश देना चाहते हैं ?

(ग) किसी भाव के अच्छे या बुरे होने का निर्णय कैसे किया जा सकता है ?

(घ) लेखक के अनुसार उत्साह में ध्यान किस पर रहता है ?

(ङ) लेखक ने भारत की जिन दो चीजों की तासीर विचित्र बताई है, उनकी विशेषता बताइए।

(च) 'आशा का अंत' निबंध का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

4. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 2×8=16

(क) हरियाणवी भाषा की प्रमुख बोलियों का परिचय दीजिए।

(ख) आधुनिक उपन्यास साहित्य की विकास यात्रा पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'सांग' एक अद्भुत कला है, स्पष्ट कीजिए।

(घ) हरियाणा में नाट्य साहित्य का परिचय दीजिए।

5. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर 150-150 शब्दों में दीजिए - 2×5=10

(क) हरियाणवी कविता की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

(ख) हरियाणवी भाषा के लोकप्रिय संगीतकार के विषय में बताइए।

(ग) हरियाणवी की अहीरवाटी बोली का परिचय दीजिए।

(घ) हरियाणवी भाषा के नामकरण पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।

6. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 2×5=10

(क) पत्रकारिता के प्रकारों को स्पष्ट कीजिए।

(ख) पत्रकारिता का उद्देश्य क्या है ?

(ग) प्रेस की स्वतंत्रता के साथ उसकी आचार संहिता पर प्रकाश डालिए।

(घ) शीर्षक लेखन में किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए।

7. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। 8

(क) 'तिब्बत के पथ पर' की विधा क्या है ?

(ख) 'उत्साह' किस प्रकार का निबंध है ?

(ग) गिल्लू का प्रिय भोजन क्या था ?

(घ) फीचर किसके लिए लिखे जाते हैं ?

(ङ) महादेवी वर्मा के दो काव्य-संग्रहों का नाम लिखिए।

(च) हरियाणवी किस प्रदेश की भाषा है ?

(छ) आमतौर पर शीर्षक कितनी पंक्तियों का होता है ?

(ज) संपादक के दो गुण बताइए।